
# *UPPCS Prelims 2025 Test 6 (Solution) – CSAT 1 Full Length (SSW - 8077834630)*




नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके आधार पर प्रश्न संख्या 1 से 5 के उत्तर दीजिए:

मनुष्य का जीवन केवल कर्म करने के लिए नहीं, वरन् विचार करने के लिए भी है। विचार से ही वह स्वयं को जानता है, अपने कर्तव्यों की पहचान करता है और जीवन में सही मार्ग चुनता है। जब मनुष्य विचार छोड़ देता है और केवल प्रवृत्तियों के अनुसार चलता है, तब वह पशु के समान बन जाता है। जीवन में सच्चा विकास वही है जिसमें व्यक्ति न केवल भौतिक रूप से, बल्कि मानसिक और नैतिक रूप से भी उन्नति करे। यह उन्नति केवल शिक्षा से नहीं, अपितु आत्मचिंतन और अनुशासन से प्राप्त होती है। शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान देना नहीं, बल्कि व्यक्ति को सुसंस्कृत बनाना भी है। यही संस्कृति, विचारशीलता को जन्म देती है और व्यक्ति को विवेकशील बनाती है।

**Question 1.** मनुष्य जीवन का सच्चा विकास किसमें निहित है?

(a) केवल धन-संपत्ति अर्जन में

(b) केवल शिक्षा प्राप्ति में

(c) मानसिक, नैतिक और भौतिक उन्नति में

(d) धार्मिक कार्यों के पालन में

**उत्तर:** (c)

व्याख्या: गद्यांश में स्पष्ट कहा गया है कि "सच्चा विकास वही है जिसमें व्यक्ति न केवल भौतिक रूप से, बल्कि मानसिक और नैतिक रूप से भी उन्नति करे।"

**Question 2.** विचारशीलता मनुष्य को क्या प्रदान करती है?

(a) सुख और ऐश्वर्य

(b) भौतिक सफलता

(c) विवेक

(d) कर्मठता

**उत्तर:** (c)

व्याख्या: गद्यांश के अनुसार, "संस्कृति, विचारशीलता को जन्म देती है और व्यक्ति को विवेकशील बनाती है।"

**Question 3.** निम्नलिखित में से किसे शिक्षा का उद्देश्य नहीं माना गया है?

(a) ज्ञान देना

(b) व्यक्ति को सुसंस्कृत बनाना

(c) आत्मचिंतन कराना

(d) परीक्षा में उत्तीर्ण कराना

**उत्तर:** (d)

व्याख्या: गद्यांश में शिक्षा का उद्देश्य ज्ञान और संस्कृति देना बताया गया है, परीक्षा में उत्तीर्ण कराना इसका उद्देश्य नहीं है।

**Question 4.** गद्यांश के अनुसार, विचार के अभाव में मनुष्य क्या बन जाता है?

(a) देवता

(b) ज्ञानी

(c) साधु

(d) पशु

**उत्तर:** (d)

व्याख्या: गद्यांश में कहा गया है कि "जब मनुष्य विचार छोड़ देता है... तब वह पशु के समान बन जाता है।"

**Question 5.** व्यक्ति को अपने कर्तव्यों की पहचान किससे होती है?

(a) प्रवृत्तियों से

(b) आत्मचिंतन से

(c) विचार से

(d) शिक्षा से

**उत्तर:** (c)

व्याख्या: गद्यांश की पहली पंक्ति कहती है, "विचार से ही वह स्वयं को जानता है, अपने कर्तव्यों की पहचान करता है..."

**Question 6.** निम्न में से कौन-सा विराम चिन्ह विस्मय को दर्शाता है?

(A) ।

(B) ?

(C) !

(D) ,

**उत्तर:** (C)

व्याख्या: विस्मयबोधक वाक्यों में '!' प्रयोग होता है, जैसे – "क्या बात है!"

**Question 7.** 'पाठक' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है –

(A) क

(B) ता

(C) इक

(D) इय

**उत्तर:** (A)

व्याख्या: 'पाठ' (मूल शब्द) + 'क' (प्रत्यय) = पाठक (जो पढ़ता है)। 'क' कर्तृवाचक प्रत्यय है।

**Question 8.** 'दुःखद' शब्द का यथार्थ विभाजन होगा –

(A) दुः + खद

(B) दुःख + द

(C) दुःख + अद

(D) दुः + ख + अद

**उत्तर:** (B)

व्याख्या: मूल शब्द 'दुःख' + प्रत्यय 'द' = दुःखद (जो दुःखदायक हो)।

**Question 9.** 'राजेन्द्र' शब्द में कौन-सी संधि है?

(A) दीर्घ संधि

(B) गुण संधि

(C) वृद्धि संधि

(D) यण संधि

**उत्तर:** (B)

व्याख्या: 'राजेन्द्र' का संधि विच्छेद राजा + इंद्र होता है। यहाँ, 'आ' और 'इ' के मिलने से 'ए' बनता है। नियम यह है कि जब अ या आ के बाद इ या ई आए तो दोनों के मिलने से 'ए' हो जाता है, जो कि गुण संधि का लक्षण है।

**Question 10.** 'महर्षि' शब्द में कौन-सी संधि है?

(A) गुण संधि

(B) व्यंजन संधि

(C) दीर्घ संधि

(D) अयादि संधि

**उत्तर:** (A)

व्याख्या: 'महर्षि' शब्द में गुण संधि है।

'महर्षि' का संधि विच्छेद "महा + ऋषि" होता है।

यहाँ, "आ" और "ऋ" के मिलने से "अर्" बनता है, जो कि गुण संधि का नियम है।

गुण संधि में, अ, आ के बाद इ, ई आए तो ए; उ, ऊ आए तो ओ; और ऋ आए तो अर् हो जाता है।

**Question 11.** निम्न में से कौन-सी क्रिया सकर्मक है?

(A) गिरना

(B) उड़ना

(C) तोड़ना

(D) चलना

**उत्तर:** (C)

व्याख्या: 'तोड़ना' क्रिया किसी वस्तु (कर्म) पर क्रिया करती है, अतः यह सकर्मक क्रिया है।

**Question 12.** 'पतंग' शब्द से क्या-क्या तात्पर्य हो सकता है?

(A) उड़नेवाला कागज़

(B) कीट/पतिंगा

(C) दीवाना व्यक्ति

(D) उपर्युक्त सभी

**उत्तर:** (D)

व्याख्या: 'पतंग' का प्रयोग कागज की उड़ती वस्तु, कीट और दीवाने व्यक्ति के लिए भी होता है।

**Question 13.** 'उदय' का विलोम है –

(A) अवसान

(B) अस्त

(C) सूर्यास्त

(D) पतन

**उत्तर:** (B)

व्याख्या: उदय = उगना; विलोम = अस्त (डूबना)।

**Question 14.** कौनसा विलोम युग्म सही है:

(a) कवि - कवयीत्री

(b) योगी - रोगी

(c) विद्वान - विदूषी

(d) अथ - इति

Self Study Wala 8077834630

**उत्तर:** (d)

व्याख्या: गंभीर = गहराईयुक्त; विलोम = हल्का।

विलोम युग्म सही है- 'अथ - इति'

अथ- आरम्भ तथा मंगलसूचक शब्द।

इति- अंत, समाप्ति।

कवि - काव्य की रचना करनेवाला।

कवि का स्त्रीलिंग कवयीत्री है। जो अशुद्ध है, इसका शुद्ध रूप कवयित्री होता है।

योगी - योग साधना करनेवाला व्यक्ति।

रोगी - बीमार, अस्वस्थ। योगी का विलोम भोगी होता है।

विद्वान - शिक्षित व्यक्ति।

विद्वान का स्त्रीलिंग विदूषी है। विद्वान का विलोम मूर्ख होता है।

**Question 15.** 'अग्नि' का पर्यायवाची नहीं है –

(A) ज्वाला

(B) पावक

(C) नल

(D) अनल

**उत्तर:** (C)

व्याख्या: 'नल' का अर्थ है जल या नली, जबकि अन्य तीन 'अग्नि' के पर्याय हैं।

**Question 16.** 'वृक्ष' का एक पर्यायवाची शब्द है –

(A) तरु

(B) खग

(C) जलधि

(D) रश्मि

**उत्तर:** (A)

व्याख्या: वृक्ष = तरु; खग = पक्षी, जलधि = समुद्र, रश्मि = किरण।

**Question 17.** 'कान भरना' मुहावरे का आशय है –

(A) कान में बातें कहना

(B) भ्रामक बातें कहकर मन बदल देना।

(C) कान साफ करना

(D) बहकाना

**उत्तर:** (B)

व्याख्या: किसी के विरुद्ध भ्रामक या नकारात्मक बातें कहकर उसका मन बदल देना।

**Question 18.** 'तेल देखो तेल की धार देखो' का प्रयोग किस सन्दर्भ में होता है?

(A) योजना बनाने में

(B) धैर्यपूर्वक अवसर देखने में

(C) व्यापार करने में

(D) चोरी-छिपे कार्य करने में

**उत्तर:** (B)

व्याख्या: किसी कार्य में जल्दबाज़ी न करके परिणाम देख समझकर आगे बढ़ने की सलाह।

**Question 19.** 'हृदय' का तद्भव रूप कौन-सा है?

(A) हिया

(B) हरदा

(C) हृदय

(D) दिल

**उत्तर:** (A)

व्याख्या: संस्कृत 'हृदय' → हिया/हरदा = तद्भव। 'दिल' फारसी शब्द है।

**Question 20.** शुद्ध वर्तनी क्या है?

(A) आत्मनिवेदन

(B) आत्मनिर्बेधन

(C) आत्मनीवेदन

(D) आत्मनिवेधन

**उत्तर:** (A) आत्मनिवेदन

व्याख्या: 'निवेदन' = प्रार्थना; 'आत्म' + 'निवेदन' = आत्मनिवेदन।

**Question 21.** निम्न में से कौन-सा वाक्य शुद्ध है?

(A) मुझे उससे मिलना हैं।

(B) तुमने क्या खाना खाया है?

(C) उसने मुझको किताब दिया।

(D) शिक्षक बच्चों को पढ़ा रहे हैं।

**उत्तर:** (D)

व्याख्या: केवल विकल्प D शुद्ध है; अन्य में क्रिया, लिंग या वचन संबंधी त्रुटियाँ हैं।

(A) मुझे उससे मिलना हैं।

त्रुटि: 'हैं' का प्रयोग बहुवचन के लिए होता है। यहाँ 'मिलना' एकवचन क्रिया है, अतः 'है' होना चाहिए।

शुद्ध रूप: मुझे उससे मिलना है।

(B) तुमने क्या खाना खाया है?

Self Study Wala 8077834630

त्रुटि: 'क्या खाना खाया है' में अनावश्यक दोहराव है। 'क्या खाया है?' या 'कौन-सा खाना खाया है?' उपयुक्त होता।

शुद्ध रूप: तुमने क्या खाया है?

(C) उसने मुझको किताब दिया।

त्रुटि: 'किताब' स्त्रीलिंग है, अतः क्रिया 'दी' होनी चाहिए।

शुद्ध रूप: उसने मुझको किताब दी।

(D) शिक्षक बच्चों को पढ़ा रहे हैं।

शुद्ध वाक्य: वाक्य में कर्ता 'शिक्षक' (बहुवचन) है और 'पढ़ा रहे हैं' उपयुक्त क्रिया है।

**Question 22.** "मुझे भूख लगी हैं।" वाक्य में कौन-सी अशुद्धि है?

(A) वचन दोष

(B) लिंग दोष

(C) क्रिया दोष

(D) सर्वनाम दोष

**उत्तर:** (A)

व्याख्या: 'हैं' का प्रयोग बहुवचन के लिए होता है। 'भूख लगी है' होना चाहिए।

**Question 23.** ब्रजभाषा का मुख्य प्रचार क्षेत्र है –

(A) लखनऊ और सुल्तानपुर

(B) कानपुर और हरदोई

(C) आगरा और मथुरा

(D) इलाहाबाद और मिर्ज़ापुर

**उत्तर:** (C)

व्याख्या: ब्रजभाषा का केन्द्र मथुरा, वृन्दावन, आगरा, एटा, अलीगढ़ आदि है।

**Question 24.** 'सूर्योदय' शब्द में कौन-सी संधि है?

(A) अयादि

(B) दीर्घ

(C) गुण

(D) यण

**उत्तर:** (C)

व्याख्या: 'सूर्य + उदय' → 'सूर्योदय' ('अ + उ' = 'ओ' = गुण संधि)।

**Question 25.** जो न्याय का पक्ष लेता हो —

(A) न्यायशील


(B) न्यायप्रिय

(C) न्यायनिष्ठ

(D) विधिक

**उत्तर:** (C)

व्याख्या: न्यायनिष्ठ = जो न्याय के प्रति निष्ठावान हो।




Read the following passage carefully and answer questions number 26 to 30 based on the passage

The growth of digital technology has brought immense changes in the way societies operate. One notable impact is on human attention spans. Several studies suggest that the average attention span of individuals has reduced over the past two decades, largely due to the rapid consumption of short-form content on digital platforms. While this shift has enabled faster communication and access to information, it has also raised concerns regarding the depth of focus and critical thinking among the youth. Some educators argue that students today struggle with sustained concentration on complex tasks, opting instead for instant answers. Others, however, maintain that modern learners are adapting to a new cognitive environment which demands quicker decision-making and multitasking abilities. Therefore, the debate remains: is technology enhancing or impairing our cognitive faculties?

Questions

**Question 26.** According to the passage, what is one major concern arising from increased use of digital platforms?

(a) Decline in memory power among adults

(b) Reduced access to educational resources

(c) Decrease in individuals' ability to focus for long durations

(d) Increase in cybercrime incidents

**Answer:** (c)

Explanation: The passage specifically mentions reduced attention span and lack of sustained concentration on complex tasks due to digital content consumption.

**Question 27.** What is the main argument of educators who support the impact of technology on youth?

(a) Technology is eroding traditional moral values

(b) Youth today are not interested in academics

(c) Students are becoming more efficient at multitasking

(d) Social media is hampering social interaction

**Answer:** (c)

Explanation: Supportive educators believe that modern learners are adapting to environments that require quick decision-making and multitasking.

**Question 28.** What is the author's overall tone in the passage?

(a) Highly critical

(b) Strongly supportive

(c) Neutral and analytical

(d) Dismissive

**Answer:** (c)

Explanation: The author presents both sides — concerns about reduced attention and the counterpoint of adaptability — indicating a balanced, analytical tone.

**Question 29.** Which of the following statements is NOT supported by the passage?

(a) Attention spans have declined over time

(b) Digital content may promote multitasking

(c) Technology has made people more patient

(d) There is debate about the cognitive impact of technology

**Answer:** (c)

Explanation: The passage does not claim that people are becoming more patient; in fact, it implies the opposite.

**Question 30.** What does the passage imply about modern learners?

(a) They prefer books over digital media

(b) They are incapable of learning complex concepts

(c) They are adapting to a different kind of learning environment

(d) They are less intelligent than previous generations

**Answer:** (c)

Explanation: The passage acknowledges that modern learners are adapting to environments with different cognitive demands.

**Question 31.** Change into passive voice:

"He completed the project on time."

(A) The project completed by him on time.

(B) The project has been completed by him on time.

(C) The project was completed by him on time.

(D) The project was being completed by him on time.

**Answer:** (C)

Explanation:

Active: Subject + verb (past simple) + object →

Passive: Object + was/were + past participle + by + subject

SelfStudy Wala 8077834630

→ The project was completed by him (on time).

**Question 32.** Change into indirect speech:

She said, "I am reading a novel."

(A) She says that she is reading a novel.

(B) She said that she had been reading a novel.

(C) She said that she is reading a novel.

(D) She said that she was reading a novel.

**Answer:** (D)

Explanation: Present continuous changes to past continuous:

"I am reading" → "she was reading".

**Question 33.** Select the appropriate meaning of the phrase:

"At loggerheads"

(A) In agreement

(B) In conflict or quarrel

(C) In confusion

(D) In hesitation

**Answer:** (B)

Explanation:

"At loggerheads" refers to being in strong disagreement or dispute.

**Question 34.** What is meant by the idiom:

"To smell a rat"

(A) To notice a foul smell

(B) To suspect wrongdoing or deceit

(C) To kill a rat

(D) To be afraid

**Answer:** (B)

Explanation:

"Smell a rat" implies sensing something is wrong or suspicious.

**Question 35.** Choose the word opposite in meaning to 'FRAGILE'.

(A) Weak

(B) Flexible

(C) Delicate

(D) Strong

**Answer:** (D)

Explanation:

Fragile means easily broken or damaged. The opposite is Strong.

**Question 36.** Choose the synonym for 'ZEAL'.

(A) Apathy

(B) Indifference

(C) Passion

(D) Laziness

**Answer:** (C)

Explanation:

Zeal means great enthusiasm or passion.

**Question 37.** A person who speaks many languages is called –

(A) Linguist

(B) Polyglot

(C) Bilingual

(D) Grammarian

**Answer:** (B)

Explanation:

A Polyglot knows or uses several languages.

**Question 38.** The word 'RELINQUISH' means –

(A) To retain

(B) To renounce

(C) To reject

(D) To remind

**Answer:** (B)

Explanation:

Relinquish means to voluntarily give up or surrender a claim or right.

**Question 39.** He is so weak that he can ______ lift a glass of water.

(A) seldom

(B) hardly

(C) nearly

Self Study Wala 8077834630

(D) barely

**Answer:** (B)

Explanation: Hardly fits idiomatically with negative capacity; "can hardly" = almost not.

**Question 40.** The soldiers were rewarded ______ their bravery.

(A) by

(B) of

(C) for

(D) with

**Answer:** (C)

Explanation: Rewarded for is the standard collocation.

**Question 41.** Choose the correctly punctuated sentence:

(A) What a wonderful view it is.

(B) What a wonderful view it is!

(C) What a wonderful view, it is.

(D) What a wonderful view! It is.

**Answer:** (D)

Explanation:

Exclamatory sentence ends with "!" and can be followed by a separate declarative sentence.

**Question 42.** Select the correctly punctuated sentence:

(A) No, I cannot do that.

(B) No I cannot, do that.

(C) No I, cannot do that.

(D) No I cannot do that.

**Answer:** (A)

Explanation:

Introductory interjection (No) should be followed by a comma.

**Question 43.** निम्नलिखित में से कौन-सा प्रभावी अंतर्वैयक्तिक संप्रेषण में बाधा नहीं है?

(a) पूर्वाग्रह

(b) सक्रिय श्रवण

(c) भाषा में भिन्नता

(d) भावनात्मक हस्तक्षेप

**उत्तर:** (b)

व्याख्या: सक्रिय श्रवण एक सहायक तत्व है, बाधा नहीं। यह संप्रेषण को स्पष्ट और प्रभावी बनाता है।

**Question 44.** निम्नलिखित में से कौन आत्मविश्वासी संप्रेषण (assertive communication) का उदाहरण है?

(a) "तुम हमेशा मेरी बातों को नजरअंदाज करते हो।"

(b) "जब मेरी बातों पर ध्यान नहीं दिया जाता, तो मुझे अनदेखा महसूस होता है।"

(c) "तुम कभी मेरी बात नहीं सुनते!"

(d) विवाद में चुप्पी साध लेना

**उत्तर:** (b)

व्याख्या: आत्मविश्वासी संप्रेषण में व्यक्ति अपने विचारों को सम्मानपूर्वक और स्पष्ट रूप से व्यक्त करता है।

**Question 45.** संप्रेषण में "शोर" (Noise) से तात्पर्य है:

(a) केवल तेज़ पृष्ठभूमि की आवाज़ें

(b) कोई भी भौतिक ध्वनि जो बाधा उत्पन्न करे

(c) कोई भी तत्व जो संदेश की अर्थवत्ता को बिगाड़े

(d) केवल तकनीकी गड़बड़ी

**उत्तर:** (c)

व्याख्या: "शोर" में भौतिक, मनोवैज्ञानिक और भाषाई बाधाएं शामिल होती हैं जो संदेश को विकृत करती हैं।

**Question 46.** निम्न में से कौन-सी संप्रेषण शैली स्वस्थ अंतर्वैयक्तिक संबंधों को सबसे अधिक समर्थन देती है?

(a) निष्क्रिय

(b) आक्रामक

(c) निष्क्रिय-आक्रामक

(d) आत्मविश्वासी

**उत्तर:** (d)

व्याख्या: आत्मविश्वासी शैली में व्यक्ति स्वयं और दूसरों दोनों का सम्मान करता है, जो स्वस्थ संबंधों के लिए आवश्यक है।

**Question 47.** संगठनात्मक संप्रेषण में 'ग्रेपवाइन' (Grapevine) का अर्थ है:

(a) औपचारिक सूचना प्रवाह

(b) बेतरतीब गपशप

(c) अनौपचारिक संप्रेषण नेटवर्क

(d) शीर्ष से नीचे का संप्रेषण

**उत्तर:** (c)

Self Study Wala 8077834630

व्याख्या: 'ग्रेपवाइन' एक अनौपचारिक संप्रेषण प्रणाली होती है जो कार्यस्थलों में अनाधिकारिक रूप से सूचना फैलाती है।

**Question 48.** अंतर्वैयक्तिक संबंधों में सहानुभूति विकसित करने के लिए निम्न में से कौन-सी चीज सबसे आवश्यक है?

(a) उत्तर देने के उद्देश्य से सुनना

(b) सामने वाले के विचारों का अनुमान लगाना

(c) बिना निर्णय के सक्रिय श्रवण

(d) बोलना, सुनने से अधिक

**उत्तर:** (c)

व्याख्या: बिना पूर्वाग्रह के सक्रिय रूप से सुनना सहानुभूति के विकास में मदद करता है।

**Question 49.** संघर्ष समाधान में सामान्यतः पहला चरण क्या होता है?

(a) समस्या को नजरअंदाज करना

(b) दूसरे पक्ष को दोष देना

(c) सभी पक्षों को सुनना

(d) समझौते का प्रस्ताव देना

**उत्तर:** (c)

व्याख्या: प्रभावी समाधान सभी संबंधित पक्षों की समझ से शुरू होता है।

**Question 50.** संप्रेषण में नेत्र संपर्क सामान्यतः किसका संकेत देता है?

(a) बेईमानी

(b) अरुचि

(c) आत्मविश्वास और संलग्नता

(d) आक्रोश

**उत्तर:** (c)

व्याख्या: उचित नेत्र संपर्क संप्रेषण में ईमानदारी और ध्यान का संकेत होता है।

**Question 51.** संप्रेषण में 'पैरालैंग्वेज' (Paralanguage) से तात्पर्य है:

(a) संकेत भाषा का प्रयोग

(b) व्याकरण और विराम चिह्नों का प्रयोग

(c) स्वर, उच्चारण, गति जैसे स्वर तत्त्व

(d) लिखित संप्रेषण

**उत्तर:** (c)

व्याख्या: पैरालैंग्वेज बोले गए शब्दों के साथ प्रयोग होने वाले स्वर, गति, जोर आदि को दर्शाता है।

**Question 52.** कोई व्यक्ति यदि धाराप्रवाह बोलता है पर सुनता नहीं है, तो उसमें किस तत्व की कमी है?

(a) शब्दावली

(b) आत्मविश्वास

(c) अंतर्वैयक्तिक संतुलन

(d) अभिव्यक्तता

**उत्तर:** (c)

व्याख्या: प्रभावी अंतर्वैयक्तिक कौशल में संतुलित रूप से बोलना और सुनना दोनों शामिल होते हैं।

**Question 53.** मौखिक संप्रेषण की तुलना में लिखित संप्रेषण की एक प्रमुख कमी है:

(a) स्थायित्व


(b) धीमा प्रतिक्रिया चक्र

(c) संरचना और योजना

(d) औपचारिकता

**उत्तर:** (b)

व्याख्या: लिखित संप्रेषण में तत्काल प्रतिक्रिया नहीं मिलती, जिससे प्रतिक्रिया चक्र धीमा हो जाता है।




**Question 54.** आप एक टीम लीडर हैं और समय सीमा बहुत कड़ी है। आपकी टीम का एक सदस्य वैयक्तिक कारणों से अनुपस्थित है। इस स्थिति में सबसे उपयुक्त कार्यवाही क्या होगी?

(a) कार्य अस्थायी रूप से किसी और को सौंप देना

(b) उसे तुरंत आने के लिए फोन करना

Self Study Wala 8077834630

(c) उसे मानव संसाधन (HR) को रिपोर्ट करना

(d) परियोजना में देरी करना

**उत्तर:** (a)

व्याख्या: प्रभावी समस्या समाधान में लचीलापन होना चाहिए, पर टीम के सामंजस्य से समझौता नहीं होना चाहिए।

**Question 55.** एक शिक्षक परीक्षा के दौरान एक छात्र को नकल करते हुए पकड़ता है। आदर्श प्रतिक्रिया क्या होनी चाहिए?

(a) तुरंत छात्र की परीक्षा रद्द कर देना

(b) उसे चेतावनी देना

(c) साक्ष्य के साथ परीक्षा पर्यवेक्षक को रिपोर्ट करना

(d) अनदेखा करना और छात्र को परीक्षा पूरी करने देना

**उत्तर:** (c)

व्याख्या: निर्णय निष्पक्ष, दस्तावेजीकृत और संस्था के नियमों के अनुसार होना चाहिए।

**Question 56.** निम्न में से कौन-सा विकल्प 'Framing Effect' की सबसे सटीक परिभाषा है?

(a) जिस प्रकार से जानकारी प्रस्तुत की जाती है, उसी आधार पर निर्णय लेना

(b) केवल तर्क के आधार पर निर्णय लेना

(c) अपनी मान्यताओं की पुष्टि ढूंढना

(d) अंत:प्रेरणा के आधार पर निर्णय लेना

**उत्तर:** (a)

व्याख्या: जानकारी को प्रस्तुत करने का तरीका निर्णय को काफी प्रभावित करता है।

**Question 57.** आपको किसी परियोजना पर दो परस्पर विरोधी रिपोर्ट मिलती हैं। आपकी पहली प्रतिक्रिया क्या होनी चाहिए?

(a) जिस रिपोर्ट को आप पसंद करते हैं, उस पर विश्वास करें

(b) दोनों को छोड़ दें और नया काम शुरू करें

(c) किसी भी निर्णय से पहले डेटा स्रोतों की पुष्टि करें

(d) जो जल्दी हो, उसे चुन लें

**उत्तर:** (c)

व्याख्या: निर्णय लेना सत्यापित और तर्कसंगत जानकारी पर आधारित होना चाहिए।

**Question 58.** किसी समूह में सामंजस्य बनाए रखने के लिए उचित निर्णयों की उपेक्षा करने की प्रवृत्ति को क्या कहते हैं?

(a) समूह ध्रुवीकरण (Group polarization)

(b) जोखिम से बचाव (Risk aversion)

(c) समूह सोच (Groupthink)

(d) एंकरिंग पूर्वाग्रह (Anchoring bias)

**उत्तर:** (c)

व्याख्या: 'Groupthink' में सर्वसम्मति बनाए रखने के लिए विरोधी विचारों को दबा दिया जाता है।

**Question 59.** समस्या समाधान में निम्न में से कौन-सी एक 'heuristic' विधि है?

(a) व्यापक विश्लेषण

(b) परीक्षण और त्रुटि (Trial-and-error)

(c) चरणबद्ध एल्गोरिद्म

(d) रैखिक प्रोग्रामिंग

**उत्तर:** (b)

व्याख्या: Heuristics मानसिक शॉर्टकट होते हैं, जैसे ट्रायल-एंड-एरर।

**Question 60.** एक समस्या हल करने वाला व्यक्ति बड़ी समस्या को छोटे-छोटे भागों में बाँटता है और उन्हें क्रमिक रूप से हल करता है। यह कौन-सी विधि है?

(a) आग्राही तर्क (Inductive logic)

(b) एल्गोरिद्मिक दृष्टिकोण

(c) साध्य-साधन विश्लेषण (Means-end analysis)

(d) भिन्न दिशात्मक चिंतन (Divergent thinking)

**उत्तर:** (c)

व्याख्या: Means-end analysis में वर्तमान स्थिति और लक्ष्य के बीच अंतर को चरणबद्ध तरीके से कम किया जाता है।

**Question 61.**

दो संख्याओं का लघुतम समापवर्त्य (LCM) 300 है और उनका महत्तम समापवर्तक (HCF) 25 है। यदि एक संख्या 75 है, तो दूसरी संख्या क्या है?

(A) 100

(B) 125

(C) 150

(D) 120

**उत्तर:** (A) 100

व्याख्या: HCF × LCM = दोनों संख्याओं का गुणनफल ⇒

$25 \times 300 = 75 \times x \Rightarrow x = (25 \times 300)/75 = 100$

**Question 62.**

यदि 20% of (x + y) = 50% of (x – y), तो x : y = ?

(A) 3 : 7

(B) 5 : 7

(C) 7 : 3

(D) 7 : 5

**उत्तर:** (C) 7 : 3

व्याख्या:

0.2(x + y) = 0.5(x – y)

⇒ 2(x + y) = 5(x – y)

⇒ x : y = 7 : 3

**Question 63.**

9 क्रमागत विषम संख्याओं का औसत 53 है। सबसे छोटी संख्या क्या है?

(A) 47

(B) 45

(C) 43

(D) 49

**उत्तर:** (A) 47

व्याख्या:

क्रमागत विषम संख्याओं में औसत = मध्य संख्या = 53

⇒ सबसे छोटी संख्या = 53 – 4 = 47

**Question 64.**

₹1200 की राशि A, B और C में 2 : 3 : 5 के अनुपात में बाँटी गई। C का हिस्सा कितना होगा?

(A) ₹500

(B) ₹600

(C) ₹300

(D) ₹480

**उत्तर:** (B) ₹600

व्याख्या:

कुल भाग = 2 + 3 + 5 = 10

C का हिस्सा = (5/10) × 1200 = ₹600

**Question 65.**

यदि A : B = 2 : 3 और B : C = 4 : 5, तो A : B : C क्या होगा?

(A) 8 : 12 : 15

(B) 4 : 6 : 5

(C) 2 : 3 : 5

(D) 8 : 6 : 10

**उत्तर:** (A) 8 : 12 : 15

व्याख्या:

A : B = 2 : 3 और B : C = 4 : 5

B को समान बनाने हेतु:

A : B = 8 : 12

B : C = 12 : 15

⇒ A : B : C = 8 : 12 : 15

**Question 66.**

यदि किसी संख्या को पहले 20% बढ़ाया जाए और फिर 20% घटाया जाए, तो शुद्ध प्रतिशत परिवर्तन क्या होगा?

(A) 0%

(B) 4% की कमी

(C) 4% की वृद्धि

(D) 40% की कमी

**उत्तर:** (B) 4% की कमी

व्याख्या:

शुद्ध परिवर्तन = ($x^2$ /100)% की कमी

⇒ ($20^2$)/100 = 4% की कमी

**Question 67.**

एक कक्षा में 60% छात्र लड़के हैं। यदि लड़कों की संख्या 48 है, तो कक्षा में कुल छात्र कितने हैं?

(A) 80

(B) 100

(C) 120

(D) 90

**उत्तर:** (A) 80

व्याख्या:

मान लीजिए कुल छात्र = x

⇒ 60% of x = 48 ⇒ x = (48 × 100)/60 = 80

**Question 68.**

एक वस्तु ₹960 में 20% हानि पर बेची गई। क्रय मूल्य क्या था?

(A) ₹1150

(B) ₹1120

(C) ₹1200

(D) ₹1080

Self Study Wala 8077834630

**उत्तर:** (C) ₹1200

व्याख्या:

SP = 80% of CP ⇒ CP = (960 × 100)/80 = ₹1200

**Question 69.**

10% वार्षिक दर से किसी राशि पर 4 वर्षों और 3 वर्षों के साधारण ब्याज में ₹500 का अंतर है। मूलधन कितना है?

(A) ₹5,000

(B) ₹10,000

(C) ₹15,000

(D) ₹12,500

**उत्तर:** (A) ₹5,000

व्याख्या:

अंतर = P × R × ($T_2 - T_1$)/100

= P × 10 × 1 /100 = 500 ⇒ P = (500 × 100)/10 = ₹5,000

**Question 70.**

A और B मिलकर एक कार्य को 15 दिनों में पूरा कर सकते हैं। A अकेले 25 दिन में करता है। B अकेले कितने दिन में करेगा?

(A) 37.5

(B) 30

(C) 40

(D) 50

**उत्तर:** (A) 37.5 दिन

व्याख्या:

A + B = 1/15, A = 1/25

⇒ B = (1/15 – 1/25) = (5 – 3)/75 = 2/75

⇒ B = 75/2 = 37.5 दिन

**Question 71.**

यदि एक व्यक्ति 5 किमी/घंटा की गति से चलता है, तो वह ट्रेन से 7 मिनट चूक जाता है। यदि वह 6 किमी/घंटा से चले, तो 5 मिनट पहले पहुँचता है। स्टेशन की दूरी क्या है?

(A) 6 किमी

(B) 5 किमी

(C) 4 किमी

(D) 3.5 किमी

**उत्तर:** (A) 6 किमी

व्याख्या:

समय अंतर = 12 मिनट = 1/5 घंटा

x/5 – x/6 = 1/5 ⇒ (6x – 5x)/30 = 1/5 ⇒ x = 6 किमी

**Question 72.**

$x^3 - 5x^2 + 4x + 2$ को x – 2 से भाग देने पर शेषफल क्या होगा?

(A) 0

(B) 4

(C) 2

(D) –2

**उत्तर:** (D) –2

व्याख्या:

Remainder theorem ⇒ x = 2 रखें

⇒ 8 – 20 + 8 + 2 = –2

**Question 73.** 100 विद्यार्थियों की कक्षा में, 80 अंग्रेज़ी पढ़ते हैं, 45 गणित पढ़ते हैं, और 30 दोनों पढ़ते हैं। कितने छात्र न तो अंग्रेज़ी और न ही गणित पढ़ते हैं?

(A) 5

(B) 10

(C) 15

(D) 20

**उत्तर:** (A) 5

व्याख्या:

$n(E \cup M) = 80 + 45 - 30 = 95$

Neither = 100 – 95 = 5

**Question 74.**

एक त्रिभुज का आधार और ऊँचाई 3 : 4 के अनुपात में है और क्षेत्रफल 54 $cm^2$ है। आधार और ऊँचाई क्या हैं?

(A) 6 cm, 8 cm

(B) 9 cm, 12 cm

(C) 12 cm, 16 cm

(D) 15 cm, 20 cm

**उत्तर:** (B) 9 cm, 12 cm

व्याख्या:

Base = 3x, Height = 4x ⇒ Area = ½ × 3x × 4x = $6x^2$

⇒ $6x^2 = 54 \Rightarrow x^2 = 9 \Rightarrow x = 3$



SelfStudy Wala 8077834630

⇒ Base = 9 cm, Height = 12 cm

**Question 75.**
एक शंकु की त्रिज्या 3 सेमी और ऊँचाई 4 सेमी है। उसका आयतन क्या होगा? ($\pi$ = 3.14)

(A) 37.68 $cm^3$

(B) 45.12 $cm^3$


(C) 28.26 $cm^3$

(D) 50.24 $cm^3$

**उत्तर:** (A) 37.68 $cm^3$

व्याख्या:

$V = (1/3)\pi r^2 h = 1/3 \times 3.14 \times 9 \times 4 = 37.68$ $cm^3$




**Question 76.** एक बेलन की त्रिज्या 7 सेमी और ऊँचाई 10 सेमी है। उसका आयतन क्या होगा? ($\pi$ = 22/7)

(A) 1540 $cm^3$

(B) 1480 $cm^3$

(C) 1440 $cm^3$

(D) 1420 $cm^3$

**उत्तर:** (A) 1540 $cm^3$

व्याख्या:

$V = \pi r^2 h = 22/7 \times 7 \times 7 \times 10 = 1540$ $cm^3$

**Question 77.** 10 संख्याओं का औसत 48 है। यदि एक संख्या हटा दी जाए और नया औसत 47 हो जाए, तो हटाई गई संख्या क्या थी?

(A) 50

(B) 57

(C) 55

(D) 65

**उत्तर:** (B) 57

व्याख्या:

पुराना योग = 480, नया योग = 47 × 9 = 423

हटाई गई संख्या = 480 – 423 = 57

**तालिका (प्रश्न 78–80)**

नीचे दी गई तालिका एक कॉलेज में पाँच वर्षों के दौरान विभिन्न पाठ्यक्रमों में नामांकित छात्रों की संख्या को दर्शाती है:

| वर्ष | कला (Arts) | विज्ञान (Science) | वाणिज्य (Commerce) | कुल (Total) |
|---|---|---|---|---|
| 2018 | 120 | 80 | 100 | 300 |
| 2019 | 130 | 85 | 105 | 320 |
| 2020 | 140 | 90 | 120 | 350 |
| 2021 | 150 | 100 | 130 | 380 |
| 2022 | 160 | 110 | 140 | 410 |

**Question 78.** 2018 से 2022 तक विज्ञान संकाय में नामांकित छात्रों की औसत संख्या क्या थी?

(A) 90

(B) 93

(C) 92

(D) 94

**उत्तर:** (B) 93

व्याख्या: (80 + 85 + 90 + 100 + 110)/5 = 465/5 = 93

**Question 79.** किस वर्ष वाणिज्य छात्रों का कुल छात्रों के अनुपात में प्रतिशत सबसे अधिक था?

(A) 2018

(B) 2020

(C) 2021

(D) 2022

**उत्तर:** (B) 2020

व्याख्या:

2018: 100/300 = 0.33

2020: 120/350 ≈ 0.343

2021: 130/380 ≈ 0.342

2022: 140/410 ≈ 0.341

⇒ सर्वाधिक 2020

**Question 80.** किस वर्ष में कुल छात्रों की संख्या में वृद्धि सबसे अधिक हुई (पिछले वर्ष की तुलना में)?

(A) 2019

(B) 2020

(C) 2021

(D) 2022

**उत्तर:** (C) 2021

व्याख्या:

2019–2018 = +20

2020–2019 = +30

2021–2020 = +30

2022–2021 = +30

⇒ अधिकतम वृद्धि = 30 (तीनों वर्षों में समान), पर पहली बार 2021 में

**Question 81.** FISH : GILLS :: BIRD : ?

(A) पंख

(B) चोंच

(C) पंख (feathers)

(D) फेफड़े

**उत्तर:** (D) फेफड़े

व्याख्या: मछलियों की श्वसन प्रणाली गलफड़े होते हैं, पक्षियों के लिए फेफड़े।

**Question 82.** उस शब्द का चयन करें जो समूह से मेल नहीं खाता:

वायोलिन, सितार, गिटार, हार्मोनिका

(A) वायोलिन

(B) सितार

(C) गिटार

(D) हार्मोनिका

**उत्तर:** (D) हार्मोनिका

व्याख्या: अन्य तीन तार वाद्य हैं; हार्मोनिका वायु वाद्य यंत्र है।

**Question 83.** कथन:

कुछ पेन पेंसिल हैं।

सभी पेंसिल इरेज़र हैं।

निष्कर्ष:

I. कुछ पेन इरेज़र हैं।

II. सभी पेन इरेज़र हैं।

(A) केवल निष्कर्ष I सही है

(B) केवल निष्कर्ष II सही है

(C) दोनों सही हैं

(D) दोनों गलत हैं

**उत्तर:** (A) केवल निष्कर्ष I सही है

व्याख्या:

कुछ पेन पेंसिल हैं।

⇒ यह एक कुछ वाला संबंध है।

सभी पेंसिल इरेज़र हैं।

⇒ यह पूर्ण समावेशन दर्शाता है।

निष्कर्ष विश्लेषण:

I. कुछ पेन इरेज़र हैं।

यह संभव है क्योंकि:

कुछ पेन → पेंसिल हैं

और सभी पेंसिल → इरेज़र हैं

⇒ अतः कुछ पेन → इरेज़र ज़रूर होंगे।

यह निष्कर्ष सही है।

II. सभी पेन इरेज़र हैं।

यह कथनों से नहीं निकलता, क्योंकि:

केवल "कुछ पेन" ही पेंसिल हैं

सभी पेन का इरेज़र होना ज़रूरी नहीं

यह निष्कर्ष गलत है।

**Question 84.** कथन: क्या प्लास्टिक बैग्स पर प्रतिबंध होना चाहिए?

तर्क:

I. हां, प्लास्टिक पर्यावरण को प्रदूषित करते हैं और नष्ट नहीं होते।

II. नहीं, ये सस्ते हैं और सुविधाजनक हैं।

(A) केवल तर्क I मजबूत है

(B) केवल तर्क II मजबूत है

(C) दोनों मजबूत हैं

(D) दोनों कमजोर हैं

**उत्तर:** (A) केवल तर्क I मजबूत है

व्याख्या: I पर्यावरणीय मुद्दे को उजागर करता है; II केवल सुविधा पर केंद्रित है।

**Question 85.** कथन: सरकार ने सभी प्रमुख शहरों में इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू करने का निर्णय लिया है।

निष्कर्ष:

I. इससे शहरी प्रदूषण में कमी आएगी।

II. लोग निजी वाहन छोड़कर इलेक्ट्रिक बसों को प्राथमिकता देंगे।

(A) केवल I सही है

(B) केवल II सही है

(C) दोनों सही हैं

(D) कोई भी सही नहीं है

**उत्तर:** (A) केवल I सही है

व्याख्या: इलेक्ट्रिक बसों से प्रदूषण कम होने की बात तर्कसंगत है, लेकिन लोगों की प्राथमिकता एक अनुमान है।

**Question 86.** क्या रमेश, सुरेश के तुरंत बाईं ओर बैठा है?

कथन:

I. पाँच व्यक्ति वृत्त में बैठे हैं।

II. रमेश, सुरेश से दो स्थान दूर बैठा है।

(A) केवल I पर्याप्त है

(B) केवल II पर्याप्त है


(C) दोनों मिलकर पर्याप्त हैं

(D) दोनों मिलकर भी पर्याप्त नहीं हैं

**उत्तर:** (D) दोनों मिलकर भी पर्याप्त नहीं हैं

व्याख्या: दिशात्मक संकेत न होने के कारण स्थिति स्पष्ट नहीं होती।

**Question 87.** दिए गए चित्र में कितने त्रिभुज हैं?




**उत्तर:** (C) 12

व्याख्या: 4 छोटे त्रिभुज + 4 व्यास से बने त्रिभुज + 4 संयुक्त त्रिभुज = कुल 12 त्रिभुज

**Question 88.** श्रृंखला में अगली संख्या क्या होगी?

2, 6, 12, 20, 30, ?

(A) 36

(B) 40

(C) 42

(D) 44

**उत्तर:** (C) 42

व्याख्या: पैटर्न +4, +6, +8, +10, +12... → 30 + 12 = 42

**Question 89.** अगली संख्या क्या होगी?

121, 144, 169, 196, ?

(A) 221

(B) 225

(C) 256

(D) 289

**उत्तर:** (B) 225

व्याख्या: वर्ग श्रेणी: $11^2$, $12^2$, $13^2$, $14^2$, $15^2 = 225$

**Question 90.** किसी कूट भाषा में ORANGE को NQCTIB लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में FRUITS को कैसे लिखा जाएगा?

(A) EQWOVP

(B) DSWKUV

(C) ESVJUT

(D) EQWHTT

**उत्तर:** (A) EQWOVP

व्याख्या:

ORANGE → NQCTIB में अक्षरों का क्रम निम्नलिखित बदलाव दर्शाता है:

−1, −1, +2, +6, +2, −3

अतः FRUITS का कूट रूप होगा: EQWOVP

**Question 91.** कोडिंग भाषा में HOUSE = IPVTF है। तो LIGHT को कैसे लिखा जाएगा?

(A) MJHIU

(B) MJHIW

(C) MKHIU

(D) MJGHS

**उत्तर:** (A) MJHIU

व्याख्या: हर अक्षर में +1 → LIGHT → MJHIU

**Question 92.** रीना एक व्यक्ति की ओर इशारा करते हुए कहती है, "वह मेरे पिता की इकलौती बेटी का बेटा है।" वह व्यक्ति रीना से किस प्रकार संबंधित है?

Self Study Wala 8077834630

(A) भतीजा

(B) चचेरा भाई

(C) पुत्र

(D) भाई

**उत्तर:** (A) भतीजा

व्याख्या: रीना की बात में "मेरे पिता की बेटी" = रीना स्वयं → उसका बेटा = भतीजा

**Question 93.** अमित ऊपर से 19वें और नीचे से 25वें स्थान पर है। कक्षा में कुल कितने छात्र हैं?

(A) 43

(B) 44

(C) 45

(D) 46

**उत्तर:** (C) 43

व्याख्या: कुल = 19 + 25 – 1 = 43

**Question 94.** एक व्यक्ति 6 किमी उत्तर की ओर चलता है, फिर दाईं ओर मुड़कर 5 किमी चलता है, फिर से दाईं ओर मुड़कर 6 किमी चलता है। वह प्रारंभ बिंदु से कितनी दूर है?

(A) 5 किमी

(B) 6 किमी

(C) 10 किमी

(D) 11 किमी

**उत्तर:** (A) 5 किमी

व्याख्या: यह एक आयत बनाता है, वह प्रारंभ से 5 किमी पूर्व में है।

**Question 95.** 100 छात्रों के समूह में, 60 को गणित पसंद है, 45 को अंग्रेजी और 25 को दोनों। केवल गणित पसंद करने वाले कितने हैं?

(A) 35

(B) 25

(C) 40

(D) 30

**उत्तर:** (A) 35

व्याख्या: केवल गणित = 60 – 25 = 35

**Question 96.** रिक्त स्थान भरें:

| | | |
|---|---|---|
| 2 | 3 | 5 |
| 3 | 4 | 7 |
| 4 | 5 | ? |

(A) 9

(B) 6

(C) 8

(D) 7

**उत्तर:** (A) 9

व्याख्या: तीसरा कॉलम = पहले दो का योग

4+5 = 9

**Question 97.** पाँच किताबें — P, Q, R, S, T एक के ऊपर एक रखी हैं।

T सबसे नीचे नहीं है।

R, Q के नीचे व T के ऊपर है।

P, Q के ऊपर है।

ऊपर कौन सी किताब है?

(A) Q

(B) P

(C) R

(D) S

**उत्तर:** (B) P

व्याख्या: क्रम: P > Q > R > T > S

**Question 98.** यदि 1 जनवरी 2008 मंगलवार था, तो 1 जनवरी 2009 को सप्ताह का कौन सा दिन होगा?

(A) गुरुवार

(B) बुधवार

(C) शुक्रवार

(D) सोमवार

**उत्तर:** (A) गुरुवार

व्याख्या: 2008 लीप ईयर था → 2 अतिरिक्त दिन → मंगलवार + 2 = गुरुवार

**Question 99.** 2 और 3 बजे के बीच घड़ी की दोनों सुइयाँ कब मिलेंगी?

(A) 2:10 10/11

(B) 2:11

Self Study Wala 8077834630

(C) 2:12

(D) 2:12 4/11

**उत्तर:** (A) 2:10 10/11

व्याख्या: समय = (60/11)×घंटा = 120/11 = 10 10/11 मिनट

**Question 100.** A की वर्तमान आयु, B की आयु से 3 गुना है। 5 वर्षों बाद A की आयु, B की आयु की दो गुनी होगी। B की वर्तमान आयु क्या है?

(A) 5 वर्ष

(B) 10 वर्ष

(C) 15 वर्ष

(D) 20 वर्ष

**उत्तर:** (A) 5 वर्ष

व्याख्या:

मान लें B = x → A = 3x

3x + 5 = 2(x + 5) → x = 5

Self Study Wala 8077834630